तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

10 अग्रवाल महिला मंडल ने आयोजित किया



11 पर्याप्त मात्रा में पोषण आहार लें छात्र





## खबर संक्षेप

### 110 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। जिले में अवैध शराब कारोबार पर रोकथाम के लिए चल रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा आबकारी वृत्त बलौदाबाजार की टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम दतान (ख) नाला पुल थाना लवन की ओर जा रहे एक वाहन को पकड़ा। यह वाहन टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल सीजी 22 एक्स 9234 था, जिसमें अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब का परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों में आसकरण टंडन पिता भाव सिंह 24 वर्ष, दिलहरन पिता राजकुमार 20 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना पलारी शामिल हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं टीम ने मौके पर ही घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 110 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि उत्सव



**भाटापारा**। महर्षि वाल्मीकि समाज द्वारा 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि प्रगट महा उत्सव मनाने बैठक आहूत की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष, पार्षद प्रत्येश राठौर और सामाजिक जन शामिल हुए, जिसमें 6 अक्टूबर सोमवार दोपहर 3 बजे बाइक रैली, शाम 4.30 बजे कलश शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से नगर भ्रमण, 7.30 बजे सामाजिक भोजन, 7 अक्टूबर दोपहर 1 बजे विधायक इंद्र साव, 2.30 शिवरतन शर्मा, अश्विनी शर्मा कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम को महाकाल मंदिर में प्रसाद वितरण 7.30 बजे सुंदरकांड होगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राकेश राठौर ने दी।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। अछोला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रूपसिंग ग्राम अछोली ने बताया कि 17 की शाम को वह अपने दोस्त ठंढु साहू के साथ अछोला शराब भट्ठी गया था।

# पीएम के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस ने लगाई महंगाई की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शहर के गार्डन चौक पर महंगाई की दुकान लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। ज़िला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बेरोजगार दिवस मनाया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस अवसर में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वर्मा, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य अमर मांडवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, पलारी जनपद के सभापति प्रवीण धुरंधर, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, लखेश साहू, राजा तिवारी,मंडल अध्यक्ष गोल्डी मरैया, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका सलमान शेख,प्रवीण सेन, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कालिंद्री वर्मा, प्रेमलता बंजारे, विधानसभा अध्यक्ष गजानंद साहू, विधानसभा अध्यक्ष किरण यादव जी भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, जिला उपाध्यक्ष मनमोहन कुर्रे, जिला महासचिव हेमंत वर्मा युवा कांग्रेस नेता गेवेंद्र साहू, किशोर नवरंगे, मंगल जांगड़े, राजू लहरी जी मनीष साहू, शैलेन्द्र ध्रुव, पुलकित वर्मा समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहें।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बेरोजगार दिवस मनाया





### चाय ठेला लगाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया

चाय का ठेला लगाकर संकेतित प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के आदेशानुसार प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंड्रेकी एवं युवा कांग्रेस के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं के 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार चोरी के खिलाफ मोदी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया गया एवं महंगाई की दुकान खोली गई।

### 30 दिन से चल रही हड़ताल पर सरकार सख्त, और हो सकती है कार्रवाई

# स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 107 एनएचएम कर्मियों को बर्खास्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिले में बीते 30 दिनों से चल रही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल पर सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के निर्देश पर जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के 107 एनएचएम कर्मियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है।

आदेश जारी होते ही एनएचएम कर्मियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। हड़ताली कर्मियों ने धरना स्थल पर ही आदेश की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। उनका कहना है कि बर्खास्तगी के बावजूद आंदोलन खत्म नहीं किया जाएगा और उनकी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने और भी कई हड़ताली कर्मियों की सूची तैयार कर ली है और जल्द ही कुछ और बर्खास्तगी के आदेश जारी किए जा सकते हैं। इससे जिले के स्वास्थ्य ढांचे पर और भी गहरा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

ज्ञात हो कि जिले के 421 एनएचएम कर्मी 18 अगस्त से लगातार हड़ताल पर हैं। ये कर्मी नियमितीकरण, वेतनमान और सेवा सुरक्षा से जुड़ी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष असर पड़ा है। वहीं अस्पतालों में मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आज बलौदाबाजार जिले के काफी संख्या में एनएचएम कर्मी जेल भरो आंदोलन में शामिल होने राजधानी रायपुर गए हैं ।

उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस बर्खास्त की आदेश से एनएचएम कर्मियों में हड़कम मच गया है आज फिर से मंत्री स्तर से बातचीत होने की संभावना है अब देखना यह है कि स्वास्थ्य कर्मी क्या अपनी हड़ताल वापस लेते हैं, या फिर अपनी मांगों को लेकर अडिग रहते हैं।

वहीं कई एनएचएम कर्मियों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने वाले नहीं हैं और जब तक सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# रेंजर के खिलाफ लामबंद हुआ वन कर्मचारी संघ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

उपवनमण्डल कसडोल अन्तर्गत सोनाखान वन परिक्षेत्र अधिकारी सुनीत साहू के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने के खिलाफ 17 सितंबर से छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ बलौदाबाजार द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है के वन परिक्षेत्र अधिकारी सुनीत साहू का ट्रांसफर गरियाबंद हो गया है, बावजूद उनका मोह यहां से नहीं छूट रहा है। इसके अलावा उक्त रेंजर द्वारा महिला और पुरुष कर्मचारी को अश्लील शब्दों के साथ गाली गलौज की जाती है। उनका कहना है कि रात्रि गश्त में एक महिला कर्मचारी को ड्यूटी पर लेकर जाते हैं, जबकि वन परिक्षेत्र सोनाखान में दो महिला कर्मचारी पदस्थ हैं, बावजूद महिला कर्मचारियों पर रेंजर साहब का बर्ताव ठीक नहीं रहता। इसके अलावा पुरुष कर्मचारियों को भी अपशब्दों का उपयोग करते है। रेंजर साहब अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सस्पेंड करने की धमकी देने के साथ जेल भेजने की भी धमकी देते हैं, जिससे आहत होकर छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ रायपुर की शाखा बलौदाबाजार द्वारा जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान पर धरना पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि जब तक रेंजर सुनीत साहू का ट्रांसफर गरियाबंद ▸▸ शेष पेज 11 पर

- अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे, ट्रांसफर के साथ कार्रवाई की मांग पर अड़े

**जांच जारी है**

जो आरोप लगाया जा रहा है, वह निराधार है। जांच जारी है, जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

-**सुनीत साहू**, वन परिक्षेत्र अधिकारी,सोनाखान

# प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष और सदस्यों का नगर में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रथम सिमगा आगमन बुधवार को हुआ। जहां सामाजिक लोगों ने जोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ता द्वारा 100 की संख्या में बाइक रैली डीजे के माध्यम निकाल कर बेमेतरा बाईपास से होते हुए स्थानीय विश्रामगृह पहुंचे। रैली का चौक चौराहों में फूल माला एवं आतिबाजी से सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

तत्पश्चात विश्राम गृह में सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए। प्रदेश अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष साधना साहू, संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, चंद्रवती साहू उपस्थित रहे। समाज के लोगों से अध्यक्ष नीरेन्द्र साहू ने कहा कि समाज में बरगलाने वालों का कोई स्थान नहीं, हम सब को एक होकर चलना है समाज में पूरे साल भर की रूपरेखा तैयार है, जो समय दे सके, वहीं पदाधिकारी बने अन्यथा ना बने। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने कहा कि प्रदेश की जनता ने हमें जिस आशा एव उमीद के साथ निर्विरोध निर्वाचित किए हैं, उससे बेहतर प्रदर्शन एवं सबको साथ लेकर नया आयाम स्थापित करेंगे। उक्त अवसर पर तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, जीतराम साहू, रामविलास साहू, बाबूलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ हेमन्त साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष हेमलाल साहू, राहूल साहू, कमलेश साहू, हितेस साहू, रोशन साहू, हीरालाल साहू, दीपक साहू, मंधाता साहू, राजू साहू, ओमकार साहू, नरेश साहू, रोहित, खूबी, शंकर, शेषनाग सहित तहसील स्तर के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 20 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**गिधौरी**। निराकरण करने हेतु जिले समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। आरोपी परस राम 45 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा (भैसामुडा) थाना गिधौरी को गिरफ्तार किया है।इसी तारतम्य में 17 सितम्बर समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सेमरा (भैसामुडा) नारायण तालाब के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# ट्रैक्टर एवं हाइड्रो वाहन से बैटरी चोरी, चार आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



थाना प्रभारी रितेश मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोहन सिंह मैनेजर श्वेता एग्रो फार्म कॉलोनी ग्राम कामता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 7 सितंबर को रात्रि में श्वेता एग्रो फार्म की दो ट्रैक्टर में एक हाइड्रो वाहन फॉर्म बाउंड्री वाल के अंदर खड़ी थी। जिसे दुसरे दिन सुबह 7 बजे जाकर देखा तो तीनों वाहनों में बैटरी नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा श्वेता एग्रो फार्म के बाउंड्री के अंदर घुसकर हाइड्रा एवं ट्रैक्टर से कुल 3 नग बैटरी कीमती 15000 को चोरी कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 331 (4), 303 (2) बीएनएस का प्रकरण पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैटरी चोरी करने वाले आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। साथ ही मुखबिरों के माध्यम से भी अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी की जा रही थी कि इसी बीच पुलिस को मामले में चार संदेहियों जिनमें त्रिलोचन उर्फ बग्गा यादव 23 साल निवासी ग्राम पौसरी, निखिल यादव 20 साल निवासी ग्राम पौसरी, महेश यादव 22 साल ▸▸ शेष पेज 11 पर

### नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया

# रजत जयंती पर नगर में जीरो वेस्ट साइकिल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा रजत जयंती महोत्सव एवं स्वच्छता के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जीरो वेस्ट कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। नगर पालिका कार्यालय से आयोजित रैली को नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं साइकिल चलाकर रैली में सहभागिता करते हुए नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।रैली कलेक्ट्रेट मार्ग, जनपद कार्यालय, गार्डन चौक, नया बस स्टैंड और नगर भवन मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, सभापति जितेंद्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, शेखर गुप्ता एवं पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने साइकिल चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

रैली के दौरान स्कूल के बच्चों एवं कार्यालय के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद रेखा पोषण पटेल, खेल विभाग से शिव कुमार बांधे, सीताराम वर्मा, वीरेंद्र कुर्रे, तिलकराम वर्मा, आसिफ खान, मणिकंचन केंद्र की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। यह रैली नगर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बनी।

## स्वास्थ्य शिविर में कई रोगों की हुई जांच



**बलौदाबाजार**। रजत जयंती पर चल रहे "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत रिसदा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के निर्देश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप बांधे के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर टीम ने यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित किया।

शिविर में किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, सिकलिंग और हीमोग्लोबिन जांच की गई। साथ ही माहवारी स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशा-निवारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर स्वास्थ्य परिचर्चा आयोजित की। छात्राओं की रुचि बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाली बालिकाओं को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अविनाश केसरवानी ने छात्राओं और शिक्षकों को "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अविनाश केसरवानी, रोहित वर्मा, शशिलता आज़ाद, दुर्गेश साहू, प्रमिला जांगड़े और तुषार टंडन उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग से शाला प्राचार्य पार्वती वर्मा, रमेश नेगी सहित ▸▸ शेष पेज 11 पर

# जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का जिले में बुधवार को शुभारंभ किया गया। अभियान अंतर्गत पहले दिन जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि इसमें 2000 से अधिक हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई। उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक समस्त अस्पतालों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं, स्वस्थ जीवन शैली और स्वास्थ्य के मानकों को ▸▸ शेष पेज 11 पर

- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा



## खबर संक्षेप

### बेहिसाब सूदखोरी पर कार्रवाई हो

**बलौदाबाजार।** जिले में बढ़ती सूदखोरी की घटनाओं और इसके दुष्परिणामों को देखते हुए बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने इस पर रोक लगाने की मांग की है। प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक, आयकर विभाग और ईडी सहित विभिन्न अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर गंभीर कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब को बलौदाबाजार निवासी हेमंत कन्नौजे का लिखित शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें पिंकी सिन्हा और उनके पति हेमलाल सिन्हा पर कूटरचना, धोखाधड़ी और बेहिसाब ब्याज वसूली के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में उल्लेख है कि 2 सितंबर को पिंकी सिन्हा और हेमंत कन्नौजे के बीच स्टाम्प पेपर पर एक इकरारनामा तैयार किया गया, लेकिन उसका उपयोग हेमलाल सिन्हा ने करते हुए उसमें 16 सितंबर 2019 की तिथि अंकित कर दी। इसे शिकायतकर्ता ने कूटरचना और अवैध सूदखोरी का उदाहरण बताया है।प्रेस क्लब ने बताया कि सिन्हा दंपति के खिलाफ पहले भी कई मौखिक शिकायतें मिल चुकी हैं। नगरवासियों का कहना है कि जिले में सूदखोरी के कारण कई लोग आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं और तनाव, कलह तथा आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में सूदखोरी जैसी कुप्रथा पर रोक लग सके। मामले ने जिले में हलचल मचा दी है और प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार ने बताया की प्रार्थी की शिकायत प्राप्त हुई हैं, जांच जारी हैं, जल्दी ही आगे की कार्रवाई की जाए।

### मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द में एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश निषाद निवासी ग्राम माटीदरहा थाना सांकरा ने बताया कि वह पितर कार्यक्रम में शामिल होने ठाकुरदिया खुर्द चाचा अनंत राम निषाद के यहां 16 सितंबर को गया था र रात करीब 11.30 बजे वह अपने चाचा के द्वारा मछलीपालन के लिए ठेका लिए हुए तालाब की ओर गया था। उसी समय गांव के शिवा जोशी, अंजोर जोशी एवं राहुल जोशी ने हमारे गांव में क्यों आये हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जीएसटी में कटौती से व्यापारियों में खुशी

**महासमुंद।** जीएसटी के भाजपा जिला सदस्य पंकज चंद्राकर ने जीएसटी में की गई कटौती को व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे छोटे और बड़े व्यापारियों में खुशी की लहर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हो रहा है। 28 प्रतिशत वाले जीएसटी 18 प्रतिशत और 18 वाले जीएसटी को 5 प्रतिशत करने से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होगी और मध्यमवर्गीय परिवार को बजट में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से सभी को लाभ मिलेगा।

### शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परीक्षा

**महासमुंद।** शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परिक्षाओं की शुरुआत होगी। जिसके लिए स्कूलों को प्रश्न-पत्र का वितरण कर दिया गया है। तिमाही परीक्षा अब तक पढ़ाए गए पाठयक्रम के अनुसार ही ली जाएगी। पहली से पांचवीं की परीक्षा 19 से 26 सितंबर तक होगी। यह सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी। छठवीं से आठवीं कक्षा की परीक्षा 19 सितंबर से 26 सितंबर तक होगी। जिसका समय 10:30 बजे से 1:30 बजे तक होगा। 9 वीं कक्षा और 11 वीं कक्षा की परीक्षा का समय 10:30 से एक बजे तक रखा गया है। वहीं 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा का समय 1:30 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। तिमाही परीक्षा ढाई घंटे का होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से 16 सितंबर को प्रश्न-पत्र वितरण किया गया।

**आयोजन : पूजा अर्चना कर अंचल में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की**

# राज मिस्त्री कल्याण संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती, विधायक संदीप हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



बुधवार को राज मिस्त्री कल्याण संघ पलारी द्वारा तारण चौक में सृष्टि के सृजनकर्ता देव शिल्प भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी जयंती हर्षोल्लास के सांथ मनाई गई। इस अवसर पर राम दरबार मानस परिवार चितंखार महासमुंद कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें विधायक संदीप साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक रायपुर के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ट नागरिक बिपिन बिहारी वर्मा, नपा उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जिप सदस्य रवि बंजारे, पार्षद नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, प्रतिभा घनश्याम धिरहे, मनीष चन्द्राकर, ऋषि साहू, सुमित तिवारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर अंचल में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

बुधवार को मिस्त्री संघ ने बाजे गाजे के सांथ नाचते हुए विश्वकर्मा भगवान की नगर के चमरी तालाब में विसर्जन किया गया इस दौरान संरक्षक साधराम सहू, अध्यक्ष भगवानी साहू, उपाध्यक्ष राजू वर्मा, सचिव जोइधा वर्मा, कोषाध्यक्ष रवि वर्मा, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, श्यामलाल यादव, अशोक, मोहन, नाथूराम, राजेन्द्र साहू, शिव वर्मा, बिसाहू, बलदाऊ,चंदू, दिलीप, राजेन्द्र, कृतराम, दुर्गा, कुमार धीवर, पुरन, परमानंद, संतोष, कौशल, मंगलू, घनश्याम, मुकेश, उदय, ईश्वर, नानुराज, रविशंकर मोहित, रामदयाल, जीवन, विजय वर्मा सहित सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

### रेंगाडीह में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**पलारी।** ग्राम रेंगाडीह में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। सुबह से ही ग्रामवासी एकत्र होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा संपन्न की और समाज की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भजन दास ने की, वहीं दौवा राम उपाध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। आयोजन में परसराम, नीलकंठ, मालिक राम, जितेंद्र, सोहनलाल साहू, महेश रात्रि, खामेश्वर साहू, बीरबल यादव, कमल साहू, कौशल साहू, देवेंद्र, कार्तिक, लोकेश और खुमान यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। धार्मिक वातावरण से पूरा गांव गूंज उठा। इसके पश्चात सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं ने

### भगवान विश्वकर्मा का हुआ विसर्जन



**खरोरा।** नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई । वहीं भगवान विश्वकर्मा की बुधवार को स्थापना कर गुरुवार को हवन पूजन के बाद विसर्जन करने के लिए डीजे के धुन पर नाचते गाते नगर में रैली निकाली गई। नगर में राजमिस्त्री कल्याण संघ के द्वारा अपने-अपने पंडाल में विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस बार मजदूरों में भी उत्साह देखने को मिला। विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति की स्थापना कर पूजा पाठ की गई। नवयुवक विश्वकर्मा उत्सव समिति तिल्दा रोड में भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया।



### गोपालपुर में हुई विश्वकर्मा पूजा

**गोपालपुर।** गांव के राम लीला मंडली चौक में भगवान विश्व कर्मा जयंती पर मूर्ति स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और रात्रि में झांकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीण एवं श्रेत्र के लोगों ने आंनद उठाया और शाम में मादर झांक से नाचते गाते हुए गांव के तालाब में विसर्जन किया गया। गांव एवं आसपास के दर्शनार्थियों भीड़ इक्टठी रही। अंत में प्रसाद वितरण किया गया ।

## शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर एवं श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत झीपन के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में ग्राम झीपन एवं पेंड्री के 144 ग्रामीणों की नेत्र जांच कराई तथा 51 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, दृष्टि समस्याओं का समाधान करना और निःशुल्क चश्मा, दवा एवं परामर्श उपलब्ध कराना था।

शिविर में श्री गणेश विनायक फाउंडेशन से अरुण सिंह कार्यक्रम समन्वयक, नेत्र विशेषज्ञ पुलकित, परामर्शदाता सांघीजी, डॉ. तुलसीराम भारती, विजन तकनीशियन नीरज एवं मोहनीश पटेल ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। ग्राम पंचायत झीपन से सरपंच संतोष वर्मा एवं पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं टीम के द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी एवं सुनीता निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता 23 को

**बलौदाबाजार।** राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग, रायपुर द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन टाउन हॉल घड़ी चौक, रायपुर में 23 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। 15 से 29 वर्ष के युवा गूगल फॉर्म में पंजीयन कर प्रतियोगिता में अपनी सहभागीता सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिक जानकारी कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार में सम्पर्क कर सकते हैं। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रस्तुति का समय अधिकतम 05 मिनट का होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल 1 कविता प्रस्तुत करने की अनुमति होगी। कविता हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा। कविता हिंसात्मक, अपराधिक, आपत्तिजनक तथा अनुचित ना हो। कविता में जाति, धर्म, नस्ल, रंग आदि का भेदभाव न हो। कविता मौलिक अथवा किसी प्रसिद्ध कवि की रचना हो सकती है लेकिन पूर्व प्रकाशित प्रसिद्ध कविता प्रस्तुत करने पर कवि का नाम अवश्य लेना होगा। मौलिक रचना प्रस्तुत करने वालों को प्राथमिकता दिया जाएगा।

## धान खरीदी केंद्र के लिए किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिमगा।** ग्राम पंचायत चक्रवाय के पंचायत प्रतिनिधि एवं किसानों ने गांव में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर सिमगा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि वर्तमान में चक्रवाय के किसान तुलसी समिति पंजीयन क्रमांक 211 में धान बेचने जाते हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है।

किसानों ने बताया कि शासन के आदेशानुसार तोरा और चक्रवाय को मिलाकर नई समिति बनाने का प्रस्ताव है, लेकिन तोरा एक छोटा गांव है जहां लगभग 300 किसान हैं और पंजीकृत रकबा 320.55 हेक्टेयर है, जबकि चक्रवाय में लगभग 550 किसान और 572.20 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा है। साथ ही चक्रवाय का ऋण भार लगभग एक करोड़ रुपये हैं, ऐसे में किसानों का मानना है कि प्राथमिकता चक्रवाय को दी जानी चाहिए।किसानों ने यह भी बताया कि 8 मार्च को बलौदाबाजार सहकारी संस्थान कार्यालय और 20 अगस्त को रायपुर इंद्रावती भवन सहकारिता विभाग में दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई थी, परंतु अब तक कोई सूचना नहीं दी गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो वे एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर बांटे मछली बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रजत जयंती के अवसर पर मत्स्य कृषकों को गौड़ खनिज न्यास निधि और मछली पालन विभाग के अभिसरण के माध्यम से शत-प्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोहरौद के लगभग 50 मत्स्य कृषकों को मत्स्य बीज़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य इन्दु जांगड़े, सहायक संचालक व्हीके वर्मा, सरपंच एवं पंच उपस्थित थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के समस्त विकासखण्डों के 734 मत्स्य कृषकों को विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग वितरण योजना अंर्तगत गौड़ खनिज न्यास मद एवं मछली पालन विभाग के अभिसरण से शत प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग मत्स्य कृषकों को वितरित किया जा रहा है। विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग योजना अन्तर्गत प्रति मत्स्य कृषक प्रति हेक्टेयर जलक्षेत्र में 4 हजार का फिंगरलिंग दिये जाने का प्रावधान है, जिसमें 2 हजार हितग्राही अंश एवं 2 हजार रुपये विभाग से अनुदान स्वरूप फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। जिले के चयनित मत्स्य कृषकों जिन्हें नियमानुसार जलक्षेत्र 10 वर्षीय पट्टे पर विभाग द्वारा प्रदाय किया गया है। ऐसे मत्स्य कृषकों का हितग्राही अंश गौड़ खनिज न्यास मद् से स्वीकृत किया गया है। मत्स्य कृषकों को निरोगी, उन्नत किस्म प्रजाति के कतला, रोहू, मृगल मत्स्य बीज (फिंगरलिंग) को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोहरौद, सकरी, बिलारी से प्रदाय किया जाएगा।

## हायर सेकंडरी के छात्रों ने किया जल जंगल यात्रा का आयोजन

**बलौदाबाजार।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बुधवार को अमगांव सर्किल अंतर्गत हाई स्कूल ढेबीखार से रवान तक जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल-जंगल की रक्षा करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को बनाए रखने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न एसएमसी संरचनाओं की जानकारी दी गई तथा जल एवं जंगल संरक्षण से जुड़े विषयों पर उपयोगी ज्ञान साझा किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों में पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गायत्री



बरिहा, ग्राम पंचायत ढेबीखार के सरपंच, परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, शाला प्राचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी, ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## अस्तित्व फाउंडेशन ने मूरा हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दिया एक लाख

**बंगोली।** ग्रामीण शिक्षा और विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अस्तित्व फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपम मिश्रा दीवान ने मूरा गांव स्थित हाई स्कूल में नए अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक लाख रुपये का दान किया। यह राशि भवन में ट्रांसफॉर्मर और विद्युत आपूर्ति स्थापित करने हेतु दी गई है। तीन वर्षों से बिजली की कमी के कारण नया स्कूल भवन उपयोग में नहीं आ सका था। फाउंडेशन के इस सहयोग से भवन में स्थायी विद्युत सुविधा सुनिश्चित होगी और बच्चों के पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।
इस अवसर पर स्थानीय सरपंच कंचन गाइकवाड़, उप सरपंच संतोषी वर्मा, एसमसी अध्यक्ष केवरा वर्मा, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम साहू, सचिव वर्मा, पंचगण, शिक्षक



और विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। उन्होंने फाउंडेशन की इस पहल का स्वागत किया और इसे ग्रामीण शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर बताया।
विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह की पहले न केवल शिक्षा के स्तर को सुधारेंगी, बल्कि ग्रामीण समुदाय के समग्र विकास में भी योगदान देंगी। अनुपम मिश्रा दीवान के सहयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और

**छात्राओं ने जाहिर की खुशी, अब कॉलेज आने-जाने में मिलेगी सुविधा**

# नपं अध्यक्ष ने कॉलेज को भेंट की ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के पर नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे द्वारा भटगांव आईटीआई कालेज व शासकीय नयन दास महंत महाविद्यालय को 1-1 रिक्शा की सौगात दी गई । जहां दोनों कॉलेज के छात्र छात्राएं ई-रिक्शा पाकर बहुत ख़ुश नजर आयी और कहा कि आज नगर पंचायत अध्यक्ष ने कॉलेज आने जाने की हमारी समस्या को ई-रिक्शा प्रदान करके दूर कर दिया। अब हम आसानी से पढ़ाई करने कॉलेज आ जा सकते हैं। हम सभी छात्र एवं छात्राएं अध्यक्ष विक्रम कुर्रे का इस सौगात के लिए सहृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। वहीं अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने बताया कि अक्सर दूर गांव से कॉलेज आने जाने वाले बस से छात्र व छात्राएं मेन रोड भटगांव तक पहुंचते थे, जहां से वे लगभग 2 किमी पैदल चलकर कड़ी धुप या बरसात मे भीगते हुए कॉलेज पहुंचते थे। इस स्थिति की जानकारी मुझे हुई तो मेरे से यह रहा नहीं गया और नगर अध्यक्ष चुनाव के पहले से ही मैं ने ठान लिया था कि अध्यक्ष चुनाव मे जीत या हार हो दोनों कॉलेज के छात्र व छात्राओं के लिए ई - रिक्शा का प्रबंध जरूर करूंगा और आज नगर के लोगों ने मुझे अध्यक्ष निर्वाचित कर सेवा करने का मौका दिया और अपना वादा और जो संकल्प लिया था उसे आज मैं पूरा किया । आज के विश्वकर्मा जयंती और इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के अध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, भाजपा मंडल भटगांव के मार्गदर्शन व पूरे सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

## अग्रवाल महिला मंडल ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल महिला मंडल खरोरा द्वारा दो दिवसीय विविध मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 16 सितम्बर को माचिस व सिक्के के लकी गेम से हुई, जिसमें दिशा अग्रवाल प्रथम और रजना अग्रवाल द्वितीय रहीं। बचपन-जवानी-बुढ़ापा खेल में समर्थ अग्रवाल प्रथम तथा विजयलक्ष्मी अग्रवाल द्वितीय रहीं। चॉकलेट गेम में प्रथम स्थान पर कृष्णा अग्रवाल तथा द्वितीय स्थान नीतू और सुधा अग्रवाल को संयुक्त रूप से मिला।

दूसरे दिन नवरात्रि दुर्गा गरबा गेम में सक्षय अग्रवाल प्रथम रहे जबकि सुनीता और नीलम अग्रवाल संयुक्त रूप से द्वितीय रहीं। होजी गेम में कृष्णा अग्रवाल प्रथम और सुनीता अग्रवाल द्वितीय रहीं। सिक्कों से ताश पत्ती खेल में विधी अग्रवाल ने प्रथम एवं सुनीता अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप




### घिरघोल स्कूल में पौधारोपण कर छात्रों को बांटी स्टेशनरी

**पलारी।** समीपस्थ ग्राम घिरघोल के प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक के छात्र छात्राओं को टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार द्वारा एवं घिरघोल के युवा साथी इंद्रदेव बंजारे, लोकेंद्र बंजारे के नेतृत्व में पेन-कापी एवं अन्य स्टेशनरी समान वितरण किया गया एवं छात्र छात्राओं को पेड़-पौधों का महत्व बताया गया। साथ ही पेड़-पौधों को सुरक्षित करने को कहा एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल परिसर में व्यापक रूप से फलदार फूलदार छायादार पौधे लगाए गए। उक्त अवसर पर प्रधानपाठक कार्तिक राम वर्मा, घनाराम पटेल, पूरनलाल जायसवाल, लक्ष्मी देवांगन, अभिनव अग्रवाल शिक्षकगण सहित पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम सदस्य भूपेंद्र महेश्वर, रोशन वर्मा, इंद्रकुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### कृष्ण कुमार मूंधड़ा



**भाटापारा।** स्व. बुलाकीदास मूंधडा के पुत्र कृष्ण कुमार मूंधड़ा (बब्बू मूंधड़ा) का 18 सितम्बर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 सितम्बर शुक्रवार सुबह 10 बजे निवास एफ18, सेक्टर 1, अवंती विहार, रायपुर से मारवाड़ी मुक्तिधाम, बूढ़ापारा जाएगी। वे सुरेश कुमार मूंधडा के भाई व अतुल कुमार, अखिल कुमार मूंधड़ा के पिता थे।

## पेज 9 के शेष

### रेंजर के खिलाफ...

और दुर्व्यवहार पर कार्रवाई नहीं होती तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनबोधन टंडन ने कहा की सोनाखान रेंजर की अधीनस्थ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, तानाशाही एवं गाली गलौज का संघ निंदा करता है। लगातार उक्त अधिकारी की शिकायत संघ के पास आ रहा था, जिसके बाद हड़ताल का निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है। अगर श्री साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो संघ द्वारा आंदोलन जारी रहेगा।

### ट्रैक्टर एवं हाइड्रो ...

निवासी ग्राम पौसरी, रतन यादव 25 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा श्वेता एग्रो फार्म ग्राम कामता की बाउंड्री वाल से कूदकर उक्त तीनों वाहनों से 3 नग बैटरी चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का एक नग बैटरी एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त कर 4 आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में

शिक्षकगण भी शामिल हुए। अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि हर महिला स्वस्थ रहकर परिवार और समाज को सशक्त बना सके।

### जिले में स्वस्थ...

बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के अनुसार समस्त अस्पतालों में आयोजन होंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि आज महिला पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में की गई। इसके साथ ही आभा आईडी निर्माण, वय वंदन कार्ड बनाया गया।

## आयोजन : जिले में जगह-जगह स्वच्छता अभियान, पौधारोपण सहित कई कार्यक्रम हुए

# पीएम के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता व पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री रायपुर सीमेंट प्लांट द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बांगुर पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के यूनिट हेड हुकमचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आज जन-जन का आंदोलन बन चुका है। उन्होंने बच्चों को अच्छी स्वच्छता आदतों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि नियमित हाथ धोना, दांत साफ करना जैसी आदतें बच्चों को बीमारियों से दूर रखती हैं और स्वस्थ जीवन शैली विकसित करती हैं।

कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार पाठक, स्कूल की प्रधानाचार्या देवयानी चटर्जी, श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह व बीरेंद्र बघेल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को फल वितरित किए और उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों को समझने और योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इसी कड़ी में श्री सीमेंट ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण अभियान भी चलाया। कारखाने के स्टोर कार्यालय के सामने विभागाध्यक्षों द्वारा पौधारोपण किया गया। इकाई प्रमुख ने बताया कि इस वर्ष श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से 1,700 से अधिक परिवारों को पांच-पांच फलदार पौधे प्रदान किए गए हैं। साथ ही ठेलकी और सैया गाव के ग्रामीणों के साथ मिलकर 750 पौधे भी लगाए गए।



## संडी में सेवा पखवाड़ा, स्वच्छता और पौधारोपण का संकल्प

**संडी-बंगला।** भाजपा मंडल संडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और मंगल पूजा अर्चना सहित विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री शिव कटारिया ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा और मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू ने किया। कार्यकर्ताओं ने बाजार चौक, प्राथमिक चिकित्सालय और मंडल कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों की सफाई की। अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया और शिव मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी के कुशलक्षेम के लिए मंगल पूजा अर्चना हुई। मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन का सबसे अच्छा उपहार समाज सेवा है। कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता और वृक्षारोपण के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का संकल्प लिया। मंडल प्रभारी शिव कटारिया ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा ने भी प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. डागेश्वर वर्मा, शंभू डहरिया, पुनीत वर्मा, भीष्मदेव सोनवानी, युवा मोर्चा महामंत्री मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चला स्वच्छता अभियान



**गिधौरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल टुण्डरा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पंचायत टुण्डरा, मोहतरा, बरपाली, हसुवा, गिरौदपुरी सहित कई स्थानों पर सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक चला।कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने तालाब, गलियों, मोहल्लों, चौक-चौराहों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शपथ ली कि वे स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और नियमित श्रमदान कर अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे। अभियान में मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, नगर पंचायत टुण्डरा अध्यक्ष छत्तराम साहू, उपाध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक शर्मा, उपाध्यक्ष अजय कुमार सांडे, मीडिया प्रभारी प्रकाश यादव, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपा सदस्यों ने तालाब पचरी की साफ-सफाई की



**सिमगा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस नगर के सरोपी तालाब के पचरी की साफ-सफाई की गई। भाजपा नेता अनिल पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन दिवस पर भाजपा के दिशा निर्देश पर भाजपा मंडल सिमगा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जो 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। प्रथम दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सरोपी तालाब के पचरी में फैले कचरा एवं गंदगी की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, महामंत्री छोटू यादव, राहुल योगेश साहू, अभिजीत अवस्थी, पार्षद रूझून सोनकर, टेबू देवांगन, मुकुंद रजक, अनूप तिवारी, विष्णु जायसवाल, परीक्षित चतुर्वेदी, माया सलूजा, आशीष तंबोली, राजेश सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**पलारी।** भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को ग्राम पंचायत बिनौरी में सेवा पखवाड़ा के तहत श्रमदान कर मनाया गया, जिसमें बाजार चौक, रामायण मण्डली एवं राधा कृष्ण मन्दिर की साफ सफाई की गई। साथ ही बोरिंग के आस पास पसरी नाली की गंदगी की सफाई की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्ची को चाकलेट बांटी गई व निशुल्क बाइक वॉशिंग किया गया। इस दौरान सरपंच किरण सनकुमार साहू, डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू, पंच प्रतिनिधि रामकुमार साहू, धनु यादव, प्रेम सिंह साहू, गंभीर वर्मा, डॉ. संदीप साहू, दिनेश सेन, हिरवान साहू, सरोज सेन, पंच प्रतिनिधि सूर्या टंडन, मुन्ना चतुर्वेदी, रामकृपाल धीवर, नरेन्द्र साहू, भूपेन्द्र कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़े में युवा मोर्चा ने किया रक्तदान



**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा ने भाजपा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में युवा मोर्चा एवं भाजपा पदाधिकारी के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 55 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने रक्तदान किया और रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ी समाज सेवा है। हर एक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के काम आता है।

इस अवसर अनुसुचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सेवा पखवाड़ा जिला प्रभारी डॉ. अजय राव, पूर्व विधायक लक्ष्मी अनिल बघेल, सुनीता वर्मा, महामंत्री विजय यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, विजय केसरवानी, नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, पुरूषोत्तम साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशांत यादव, अंजय श्रीवास, प्रणम्य पाण्डेय, मणिकांत मिश्रा, राकेश ध्रुव, रवि वर्मा, वासु ठाकुर, अजय गर्ग, करण वर्मा, उमेश यदू, टिक्की वर्मा, दीप्ति वर्मा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने देश में रखी स्वच्छ भारत मिशन की नींव, स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया

**हिरमी-रावन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्म दिवस ग्राम भालेसुर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रांगण में सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाकर जन्म दिवस को विशेष रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री शिवकटरिया, मंडल महामंत्री संतन दास बांधे, ग्राम पंचायत भालेसुर के सरपंच नवीन वर्मा, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन की नींव रखकर स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दिया है। इसी प्रेरणा से ग्राम भालेसुर में भी स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। ग्रामीणों ने हाथों में झाड़ू और टोकरी लेकर पंचायत भवन परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन एवं स्वस्थ भविष्य की मंगलकामनाएं कीं। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्म दिवस यदि सेवा और समाजहित के कार्यों के माध्यम से मनाया जाए, तो यह समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला होगा। इस अवसर पर टकेश्वर वर्मा, प्रेमसिंग ध्रुव, भागचंद, कुलेश्वर, रोहित नायक, नामदास उपसरपंच सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी ने एकमत से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। भालेसुर में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीणों की सामाजिक एकजुटता एवं सेवा भावना का परिचायक बना और प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को यादगार बना दिया।



## 54 हितग्राहियों को बांटा गया भवन अनुज्ञा व स्वीकृति पत्र

**खरोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नगर पंचायत खरोरा में एक ही दिन में कई जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0 अंगीकार) के तहत 54 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा व स्वीकृति पत्र प्रदान कर उनके घर का सपना साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

विधायक ने इस अवसर पर दो विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया वार्ड क्रमांक 6 में विकास कार्य (5 लाख) और पीएम श्री योजनांतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष व शौचालय निर्माण (9.88 लाख) नगर पंचायत परिसर में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें स्वयं विधायक ने रक्तदान कर नागरिकों को प्रेरित किया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने भी रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर का शुभारंभ किया गया। विधायक ने स्वच्छता शपथ दिलाते हुए नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमीत कुमार सेन, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## पर्याप्त मात्रा में पोषण आहार लें छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को शासकीय हाई स्कूल गोढ़ी एवं अमलीडीह में शिक्षकों की उपस्थिति में पोषण आहार के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मोटापे का समाधान जैसे - चीनी और तेल की खपत कम करना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एंव शिक्षा पोषण भी पढ़ाई भी, एक पेड़ मां के नाम, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की प्रथाएँ, मेन-स्ट्रीमिंग (पोषण जागरूकता में पुरूषों की भूमिका) एवं विभागीय योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला अस्पताल बलौदाबाजार, उप स्वास्थ्य केन्द्र, लटुवा, करमदा, सकरी, पनगांव, टिपावन-1, 2, नवागांव-1, 2, ठेलकी, नवागांव, डमरू, ताराशिव, अर्जुनी, कोकड़ी मे स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं एवं बच्चों, वयस्कों का स्वास्थ्य जांच जैसे हीमोग्लोबिन की जांच, शुगर, बीपी, खून की जांच, मोटापा, बीएमआई स्क्रीनिंग एवं विकास मापन, गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित समुदाय को पोषण आहार, खानपान के बारे में जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

- पोषण आहार के बारे में बच्चों को किया गया जागरूक
- 600 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण





## छड़िया के छात्रों को गणवेश का द्वितीय सेट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विद्यार्थियों को गणवेश की द्वितीय सेट प्रदान की गई। विद्यालय के गणवेश प्रभारी शिक्षक संगम कुमार मन्नाडे द्वारा पूरी पारदर्शिता एवं उचित पंजीकरण की प्रक्रिया के पश्चात गणवेश वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को गणवेश की प्रथम सेट जुलाई माह में ही वितरित किया जा चुका है। संकुल स्तर से प्राप्त द्वितीय सेट का वितरण अब विद्यार्थियों को किया जा रहा है। गणवेश पाकर विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती का विशेष योगदान रहा। साथ ही, कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल वर्मा भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
19 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00,6:00,9:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 3:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
निशानची
शो समय - 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# जनसेवा के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर को रक्तदान महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना था। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागार में आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशेष अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग मंत्री टंक राम वर्मा ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए रक्तदान को जीवन बचाने का सर्वोत्तम कार्य बताया।

कार्यकम में पिंकेश ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव, यामिनी पैकरा, दिनेश यादव, नेतराम निषाद, पूजा वर्मा, रोशनी भारद्वाज, स्वेता घिदौरे, सरस्वती साहू, भूमिका साहू, अंजू जांगड़े, रिकेश पैकरा, मुस्कान मनहरे, सोहन साहू स्वयंसेवक शामिल रहे।

## कार्यक्रम का उद्देश्य है छात्रों में सेवा की भावना जागृत करना




### कौशल्या माता मंदिर चन्दखुरी एवं सिद्धेश्वर मंदिर किया भ्रमण

इसी क्रम में महाविद्यालय रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा ने विद्यार्थियों को विभिन्न ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का अवलोकन भी कराया गया। कौशल्या माता मंदिर चन्दखुरी एवं सिद्धेश्वर मंदिर पलारी का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होने का अवसर मिला।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक स्कूल में शिक्षक ने कराया न्योता भोज

**सिमगा।** नगर के वार्ड 1 में स्थित प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 25 छात्र -छात्राओं को शिक्षक सुनील सोनी ने न्योता भोज कराया। न्योता भोज में खीर, पूरी, बड़ा, सब्जी, दाल, चावल, सलाद, पापड़, जलेबी आदि व्यंजन परोसा गया। जहां छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। उक्त कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पार्षद सचिन जैन, रूझून सोनकर, रमेश सोनी, दीनबन्धु शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी एल ठाकुर, सहायक शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह, चतुर सिंग ध्रुव, बीआरसी किरण कुमार वर्मा एवं शिक्षकगण निरंजन वर्मा, उत्तम जांगड़े, आर्नेस्ट लाल, आशुतोष शर्मा, राजवर्धन भोसले, दुर्गेश इंदौरिया, निहारिका तिवारी, वंदना दास, कुलदीप साहू, राजा कटारे आदि उपस्थित थे ।

### चिटफंड पीड़ितों को राहत के लिए नियमों में बदलाव करें सरकार

**मुड़पार/सरसीवा/गोपालपुर।**



बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने राज्य सरकार पर चिटफंड पीड़ितों को राहत नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में राशि लौटाने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। श्री टंडन ने मांग की कि चिटफंड अधिनियम 2005 के नियमों में बदलाव कर 200 से अधिक कंपनियों की संपत्तियों की शीघ्र नीलामी कराई जाए। साथ ही जिला कलेक्टरों को तीन माह में अंतरिम आदेश जारी करने के निर्देश दिए जाएं ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और उनका पैसा समय पर लौटाया जा सके।

### नवरात्रि पर पलारी में होगा रास गरबा एवं सुआ नृत्य

**पलारी।** इस नवरात्रि पर मातारानी के आराध्य में पलारी में 28 और 29 सितंबर को गरबा और सुआ नृत्य का अदभुत थीम देखने को मिलेगा, इसके लिए प्रतिभागियों तैयारी शुरू कर दी है और गरबा और सुआ नृत्य का कला सीख रहे हैं। यह कार्यक्रम नगर के दशहरा मैदान में मां अम्बे रास गरबा उत्सव समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसका प्रशिक्षण 10 सितम्बर से नगर स्थित मां गायत्री मन्दिर परिसर में प्रारम्भ हो चुका है जो 26 सितम्बर तक चलेगा। इस आयोजन को लेकर नगर की माताएं एवं बहनों में भारी उत्साह का माहौल है। भारी संख्या में प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं ।



## साइबर अवेयरनेस व 2025 की घटनाओं पर आधारित झांकी होंगी आकर्षण का केंद्र

# नवरात्रि पर जिले में होगा महा रास-गरबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के हाई स्कूल मैदान में इस वर्ष मां आदिशक्ति रास-गरबा उत्सव समिति द्वारा जिले का सबसे बड़ा महा रास-गरबा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 27, 28 और 29 सितंबर को होगा। समिति ने बताया कि पिछले वर्ष बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर भव्य आयोजन किया गया था, जिसे नगरवासियों का जबरदस्त समर्थन मिला था।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम साइबर अवेयरनेस रखी गई है तथा झांकियां 2025 की प्रमुख घटनाओं पर आधारित रहेंगी। आयोजन समिति की 50 सदस्यीय टीम लगातार तैयारी में जुटी है। प्रशिक्षण का पहला चरण 1 से 15 सितंबर तक नगर भवन में आयोजित किया गया था, जबकि अंतिम प्रशिक्षण 16 से 25 सितंबर तक हाई स्कूल मैदान में चल रहा है।

आयोजकों ने बताया कि सोशल मीडिया पर कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है और इस बार भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक भीड़ की संभावना है। समिति द्वारा प्रतिदिन प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए नए सरप्राइज की योजना बनाई गई है। साथ ही विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महा गरबा उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।



### दुर्गा स्थापना की तैयारी शुरू



**सुहेला|** नवयुवक दुर्गोत्सव समिति की प्रस्तुति – मां के 51 चमत्कारी रूपों का दर्शन की तैयारी भव्य स्तर पर जारी।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर थीम पर मां दुर्गा का भव्य पंडाल, नवरात्रि में होंगे विविध आयोजन



**खरोरा।** ग्राम पंचायत परसदा में जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति द्वारा इस बार नवरात्रि पर्व भव्य रूप से मनाया जायेगा। 51 फीट ऊंचे शिवलिंग आकार में मां बम्लेश्वरी मंदिर थीम पर आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। पूरे नौ दिन विविध सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होंगे। 24 सितंबर को झांकी प्रतियोगिता व 1 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता आयोजित होगी, दोनों का प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये रखा गया है। पंचमी को सुआ जगराता, षष्ठमी को मिथलेश्वरी सेन का जगराता, सप्तमी को रंग छत्तीसा का कार्यक्रम और अष्टमी को हेमलता पटेल की भरथरी गाना होगी। समिति ने श्रद्धालुओं से दर्शन हेतु आमंत्रण दिया।

# मनवा कुर्मी समाज ने बैठक में लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

कुर्मी छात्रावास नेवरा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रकरण निदान बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने की। बैठक में 32 में से शेष पारिवारिक विवादों का समाधान केंद्रीय व राज कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं 95 ग्रामों से आए लगभग 500 समाजजनों की उपस्थिति में किया गया।

राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने विवाहोपरांत संबंध विच्छेद के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं में संवेदनशीलता, सहनशीलता और संस्कारों की कमी को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने मोबाइल, टीवी धारावाहिकों के दुष्प्रभाव और कम उम्र में प्रेमविवाह को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सफल दाम्पत्य जीवन के लिए परस्पर प्रेम, सामंजस्य और माता-पिता के मार्गदर्शन को आवश्यक बताया।

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रकला डॉ. खुमान वर्मा ने समाज में महिलाओं की अधिक भागीदारी व तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य संरक्षक महेश नायक ने समाजहित में लिए निर्णयों की सराहना की।

कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह व अन्य रोगों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे फल

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत एवं भाजपा मंडल निपानिया द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर साफ-सफाई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निपानिया में मरीजों को फल वितरण किया गया। इसमें नरेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत निपानिया भाजपा मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु ग्राम पंचायत मोपका, सरपंच चेतन वर्मा निपानिया, समिति अध्यक्ष धनीराम साहू ग्राम पंचायत कोदवा सरपंच जनप्रतिनिधियों में बसंत वर्मा, हर्ष तिवारी, जनपद सदस्य मालिक राम साहू, रेशम यदु, दिपक नेताम, सुनील तिवारी, सुनीता डेहरी, हेमंत ध्रुव, संतोष मेरी, महिला एवं बाल विकास सभापति पटेल, डॉ. लिसा चंदवानी, सचिव शंभू नाथ ध्रुव, अस्पताल की समस्त स्टाफ मितानीन ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# गौ विज्ञान परीक्षा 4 नवंबर को, राज्य जिला और स्कूल स्तर पर आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी तिल्दा में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वि का स खं ड शिक्षा अधिकारी आर. पी. दास के संयोजन में हुआ। कार्यशाला में गौ विज्ञान परीक्षा, इंस्पायर योजना, हरिहर पाठशाला सहित कई विषयों पर जानकारी दी गई। गौ विज्ञान परीक्षा 4 नवंबर को राज्य, जिला और विद्यालय स्तर पर आयोजित होगी। इसमें सफल प्रतिभागियों को गौ विज्ञान ग्रंथ, प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

- कार्मल पब्लिक स्कूल में गौ विज्ञान परीक्षा व इंस्पायर योजना पर कार्यशाला में दी गई विस्तार से जानकारी





गौ विज्ञान समिति की संरक्षक मनमथ शर्मा ने गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाय हमारी संस्कृति की धरोहर है, जिसका संरक्षण पारिस्थितिकी संतुलन के लिए आवश्यक है। जिला कंट्रोलर अन्ना सफारी और जिला परीक्षा प्रमुख गोस्वामी ने भी गाय संरक्षण पर जोर दिया।

कार्यशाला में संतोष शर्मा ने यू-डाइस, विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, सांसद खेल प्रतियोगिता एवं एसएच वीआर एप की जानकारी दी। माया वर्मा (जिला परियोजना कार्यालय) और यूनिसेफ के योगेश यादव ने बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मंजू धुरंधर ने छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों व गणमान्यजनों ने सहभागिता की।

### खपराडीह में मना कर्मयोगी प्रशिक्षण दिवस

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत खपराडीह में कर्मयोगी का प्रशिक्षण दिवस 17 सितम्बर को हुआ, जिसमें 7 पंचायत के पंच-सरपंच, सचिव उपस्थित थे और शिक्षा विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, महिला समूह के साथ ग्राम के जनप्रतिनिधि भी उपस्थिति थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग मिला और कार्यक्रम सफल हुआ उक्त जानकारी ज्ञानचंद नेताम सरपंच ग्राम पंचायत खपराडीह ने दी।



# पंचायती राज व्यवस्था में सुधार के लिए ग्राम विकास एकता समिति का महाअभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति ने 14 सितंबर को ग्राम बंगोली मुख्यालय से पंचायत व्यवस्था परिवर्तन महाअभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान बरौंडा, अड़सेना, मोंहदी, तुलसी, असौंदा, गनियारी, पिकरीडीह, मुड़पार और मांठ सहित कई पंचायत समितियों को आवेदन सौंपा गया। समिति का उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और 73वें संविधान संशोधन को धरातल पर लागू कर ग्रामसभा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिलाना है।

समिति के अध्यक्ष हुलास साहू ने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र की मूल इकाई है, अतः कोरम पूर्ति के साथ नियमित बैठकें आयोजित करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पंच, सरपंच, जनपद और जिला सदस्यों से इमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया।



समिति के सचिव धर्मेंद्र बैरागी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्रामसभा की बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने और अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों से भी इस महाअभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। अभियान में हुलास साहू, धर्मेंद्र बैरागी, गोवर्धन पाल, रामचंद्र नवरंगे और परमानंद पटेल सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## हमर सुंदर गांव फाउंडेशन दावनबोड ने आयोजित किया शिविर

# युवाओं ने 77 यूनिट रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

हमर सुंदर गांव फाउंडेशन दावनबोड़ के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण और शहरी निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर 77 यूनिट रक्तदान किया गया। इससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान से शरीर को किसी प्रकार की क्षति नहीं होती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी और ऊर्जा का स्त्रोत है। रक्तदान से अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, यह सबसे बड़ी मानव सेवा है।



शिविर में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, जनपद सदस्य शशिकांत ध्रुव, सभापति तारेख साहू, डीएसपी टेसू लाल धुरंधर, संदीप पांडे, पीलू राम वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष अमृत लाल ध्रुव, सचिव कौशल्या तुरकिया, गंगू वर्मा, रामकुमार वर्मा, मुख्य सलाहकार लक्ष्मण कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण वर्मा, नीलकंठ वर्मा आरआई, खुमान वर्मा, नवीन वर्मा, पंकज वर्मा, मालिक राम तिलक, धनेश्वर निषाद, लोकेश वर्मा, लखन वर्मा, नोहर सिंह ध्रुव, मनोज वर्मा, मनोज साहू, नितेश वर्मा, यतीश, लेखु राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

